नामांक Roll No.

No. of Questions — 23

No. of Printed Pages — 3

SS—11–1—Pol. Sc. I (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2011

वैकल्पिक वर्ग I — कला (OPTIONAL GROUP I — Humanities)

राजनीति विज्ञान — प्रथम पत्र

(POLITICAL SCIENCE — First Paper)

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 60

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं । प्रश्न क्रमांक **22** व **23** में आंतरिक विकल्प हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।
5. प्रश्न क्रमांक 1 के चार भाग (i), (ii), (iii) तथा (iv) हैं । प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

प्रश्न क्रमांक	सही उत्तर का क्रमाक्षर
1. (i)	
1. (ii)	
1. (iii)	
1. (iv)	

1\. (i) 1688 ई० की गौरवपूर्ण क्रान्ति किस देश में हुई ?

(अ) इंग्लैण्ड में (ब) फ्रान्स में

(स) संयुक्त राज्य अमेरिका में (द) भारत में । $\frac{1}{2}$

(ii) फ्रान्स की क्रान्ति किस वर्ष हुई ?

(अ) 1778 ई० में (ब) 1777 ई० में

(स) 1780 ई० में (द) 1789 ई० में । $\frac{1}{2}$

(iii) "राजनीतिक समाजीकरण" की अवधारणा का सर्वप्रथम प्रयोग किया है

(अ) डेविड ईस्टन ने (ब) हरबर्ट एच० हाइमैन ने

(स) लॉसवेल ने (द) अरस्तू ने । $\frac{1}{2}$

(iv) राजनीतिक सहभागिता के उदासीनता के खतरों का चित्रण अतिरंजित है, यह मानना है

(अ) प्लेटो का (ब) मैकियावली का

(स) कौटिल्य का (द) राबर्ट लेन एवं वॉकर का । $\frac{1}{2}$

नोट : प्रश्न संख्या **2** से **5** तक अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर एक पंक्ति में दीजिए ।

2\. स्वतन्त्रता के कितने भेद हैं ? लिखिए । 1

3\. फासीवाद की महत्वपूर्ण उद्योगों के सम्बन्ध में क्या धारणा थी ? 1

4\. वैज्ञानिक समाजवाद का प्रवर्तक कौन था ? 1

5\. गाँधीजी ने आर्थिक विषमता के निराकरण के लिए किस सिद्धान्त का समर्थन किया ? 1

नोट : प्रश्न संख्या **6** से **11** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **30** शब्दों में दीजिए ।

6\. आप कानून के विश्लेषणवादी सिद्धान्त का समर्थन नहीं करते । अपनी असहमति के पक्ष में दो तर्क दीजिए । 2

7\. स्वतन्त्रता के महत्व के किन्हीं **दो** बिन्दुओं को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । 2

8\. राजनीतिक समाजीकरण के लिए आप जनसंचार के किन साधनों को अपनाने का सुझाव देंगे ? 2

9\. कर्त्तव्य अधिकार का जन्मदाता है । स्पष्ट कीजिए । 2

10\. अधिकारों के आदर्शवादी सिद्धान्त की कोई **दो** विशेषताएँ बताइए । 2

11\. अधिकार का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 2

नोट : प्रश्न संख्या **12** से **21** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **100** शब्दों में दीजिए ।

12. विधि के शासन की तीन विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । 3

13. राजनीतिक समाजीकरण के **दो** प्रकारों का उल्लेख कीजिए । 3

14. राजनीतिक संस्कृति के प्रमुख नियामकों का वर्णन कीजिए । (कोई **तीन**) 3

15. राजनीतिक संस्कृति के किन्हीं **तीन** दोषों की विवेचना कीजिए । 3

16. प्रजातान्त्रिक व्यवस्था में राजनीतिक सहभागिता की अभिवृद्धि के लिए आप किन साधनों को प्राथमिकता देंगे ? कोई **तीन** को स्पष्ट कीजिए । 3

17. आप एक नवस्वतन्त्र राज्य में प्रजातन्त्र की स्थापना हेतु नागरिकों को कौन-से राजनीतिक अधिकार प्रदान करने का सुझाव देंगे ? (कोई **तीन**) 3

18. वैधानिक व नैतिक कर्त्तव्यों में क्या अन्तर है ? स्पष्ट कीजिए । 3

19. परम्परागत उदारवाद एवं आधुनिक उदारवाद में **दो** अन्तरों को स्पष्ट कीजिए । 3

20. समाजवाद की आलोचना के कोई **दो** आधार बताइए । 3

21. फासीवाद उग्रराष्ट्रवाद का समर्थन क्यों करता है ? कोई **दो** कारण बताइए । 3

नोट : प्रश्न संख्या **22** एवं **23** के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **500** शब्दों से अधिक में न लिखें ।

22. स्वतन्त्रता का अर्थ बताते हुए इसकी रक्षा करने की उपयुक्त परिस्थितियों का वर्णन कीजिए ।

अथवा

समानता से क्या अभिप्राय है ? समानता के विविध स्वरूपों का वर्णन कीजिए । 6

23. गाँधीजी के सत्याग्रह सम्बन्धी विचारों की विवेचना कीजिए ।

अथवा

द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद के सिद्धान्त की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए । 6